04 आरोन में क्रिकेट महाकुंभः शहर के मुख्य...



07 दो परिवारों के बीच प्रेम विवाह को लेकर उपजा विवाद, खूनी संघर्ष में बदला





## समाचार संक्षेप

### सड़क सत्याग्रहः पुलिस से न्याय की गुहार बेकार तो मायूस बहू-सास सड़क पर लेटी

**गुना।** सिटी कोतवाली के सामने सोमवार को उस समय हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब पुलिस से न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए बहू और सास सडक़ पर लेट गईं। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में कोतवाली पुलिस की महिला टीम ने दोनों को समझाइश देकर उठाया और कोतवाली के भीतर ले जाकर उनकी बात सुनी। मामला भुल्लनपुरा निवासी इमरत बाई जाटव और उनकी बहू से जुड़ा है। इमरत बाई ने बताया कि उनका बड़ा बेटा आए दिन बहू के साथ मारपीट करता है। सोमवार सुबह भी उसने झगड़ा कर बहू को घर से भगा दिया। इसके बाद बहू ने रोते हुए उन्हें फोन किया, तब दोनों शिकायत लेकर सिटी कोतवाली पहुंचे। आरोप है कि काफी देर तक कोतवाली में बैठने के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे वे हताश और आक्रोशित हो गईं। पीड़िता के अनुसार आरोपी बेटा न सिर्फ पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता है, बल्कि एक अन्य युवक के बहकावे में आकर अपने ही प्लॉट पर कब्जा कराने की कोशिश कर रहा है। वह शराब सहित अन्य नशे भी करता है, जिससे घर में आए दिन विवाद होता रहता है। परिजनों का कहना है कि पूर्व में भी इस संबंध में शिकायत की गई थी, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से आरोपी के हौसले बढ़ते गए और मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ती चली गईं। इमरत बाई ने यह भी बताया कि जब उनका छोटा बेटा कोतवाली पहुंचा तो आरोपी बेटे ने उसे भी धमकी दी। सुबह से न्याय की आस में कोतवाली में बैठे रहने के बाद जब कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आई, तो मजबूरी में उन्हें दोपहर में सडक़ पर उतरना पड़ा। पुलिस का कहना है कि मामले की शिकायत लेकर जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे ग्राउंड की सीढ़ियों पर मिली युवक की लाश की पहचान

**गुना ।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे ग्राउंड की सीढ़ियों पर रविवार को मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान राहुल प्रजापति (26) निवासी संजय कॉलोनी, वार्ड 35 के रूप में हुई है। सोमवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।रविवार को युवक का शव सीढ़ियों पर पड़ा मिला था। पहले लोगों ने उसे सोता हुआ समझा, लेकिन देर तक हलचल न होने पर डायल-112 को सूचना दी गई। डॉक्टरों ने अस्पताल में उसे मृत घोषित किया था।परिजनों के अनुसार राहुल पहले शिवपुरी के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती रहा था और बाद में वहीं काम करने लगा था। पिछले दो महीनों से वह गुना के नशा मुक्ति केंद्र में कार्यरत था। परिजनों ने नशा मुक्ति केंद्र पर मिलने नहीं देने और संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने शरीर पर चोट के निशान और अन्य संदिग्ध लक्षण होने की बात कही है।फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### शिवपुरी में अधिवक्ता की हत्या पर गुना में वकीलों का विरोध



**गुना।** शिवपुरी में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर हत्या के विरोध में गुना के वकीलों ने सोमवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। जिला अभिभाषक संघ के आह्वान पर अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर अखिलेश जैन को सौंपा।संघ अध्यक्ष रायण सिंह सोलंकी और सचिव श्याम सुन्दर लिटौरिया के नेतृत्व में वकीलों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और लंबित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट (अधिवक्ता सुरक्षा कानून) को तत्काल लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षित नहीं हैं।वकीलों ने चेतावनी दी कि 7 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर वे भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। विरोध के चलते दिनभर न्यायालय परिसर में सन्नाटा रहा और पक्षकारों को परेशानी उठानी पड़ी।

## हज यात्रा पर रवाना होने से पहले 38 हज यात्रियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण

### गर्मजोशी से इस्तकबाल किया, देश में अमन-चैन की करेंगे दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले 38 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। इस दौरान डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम पूरे समय मौजूद रही और यात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।हज यात्रियों को शुभकामनाएं देने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पूर्व में हज यात्रा कर चुके श्रद्धालु भी पहुंचे। स्वागत कार्यक्रम में महिलाओं की भी उल्लेखनीय



भागीदारी रही, जिससे माहौल भावनात्मक और आध्यात्मिक हो गया।हज पर जाने वाले यात्रियों ने कहा कि वे पवित्र यात्रा के दौरान देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान कई भावुक पल भी देखने को मिले जब यात्रियों ने अपनी तकलीफों का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे ही उन्हें बुलावा आया





तो सारी तकलीफें दूर होती चली गईं और देशप्रेम का जज्बा भी साफ नजर आया।इसके पूर्व हज कमेटी के मार्गदर्शन में सभी हज यात्रियों को हाजियों द्वारा यात्रा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया तथा सदर आबिद अली के सहयोग से हज्जानी जुबेदा मदरसे में उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा के नियमों, स्वास्थ्य सावधानियों और व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्रदान की।कार्यक्रम के अंत में सभी ने हज यात्रियों की सफल एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। हज यात्रा कर चुकीं मेहरुन्निसा और फकरुन्निसा कुरैशी बहनों ने भी मौके पर पहुंचकर हज पर जाने वाली महिला यात्रियों का स्वागत किया। इस मौके पर शकील अहमद सिद्दीकी, जाकिर बावड़ी, रजीक अहमद सिद्दीकी , जिला हज कमेटी उपाध्यक्ष रईस अहमद अंसारी, अकील अहमद सिद्दीकी उपाध्यक्ष जिला हज कमेटी आदि विशेष रूप से शामिल रहा है।

### कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे किसानों ने सुनाईं अपनी व्यथा

## जमीन छोड़ने को तैयार नहीं, आने वाली पीढ़ी के भविष्य को लेकर चिंता जताई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

ग्वालटोरिया तालाब बांध निर्माण के चलते प्रस्तावित पुनर्वास से परेशान ग्रामीण सोमवार को गुना कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। किसानों ने स्पष्ट कहा कि वे अपनी पैतृक जमीन छोड़ने को तैयार नहीं हैं और पुनर्वास स्थल को लेकर गंभीर चिंता में हैं।ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा गांव का स्थानांतरण ऐसे स्थान पर किया जा रहा है, जो उनकी कृषि भूमि से काफी दूर है। इससे खेती-किसानी प्रभावित होगी और परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा।

किसानों ने बताया कि उनकी पीढ़ियों से जुड़ी जमीन ही उनका मुख्य सहारा है और उससे दूर बसाए जाने पर जीवन-यापन कठिन हो जाएगा।ग्रामीणों ने प्रशासन को दिए आवेदन में मांग की कि पुनर्वास ऐसे स्थान पर किया जाए, जहां से उनकी कृषि भूमि नजदीक हो, ताकि खेती का कार्य सुचारु रूप से जारी रह सके। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि गलत स्थान पर बसाने से बच्चों की शिक्षा और रोजगार पर भी असर पड़ेगा।इस दौरान ग्रामीणों में प्रमुख रूप से प्रकाश, संतोष, महेश, सतीश, बनवारी, हरीश, हेमराज, श्रीलाल, हेतराम, विनोद एवं श्रीराम सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की मांगों पर नियमानुसार विचार करने का आश्वासन दिया गया है। वहीं किसानों ने कहा कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे आगे भी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

#### ...और यह विकल्प भी सुझाया ग्रामीणों ने

हमें हमारी सुविधा अनुसार जगह पुराना खेड़ा पीपल खेड़ी विशनवाडा रोड पर दी जाए यह जगह हमारे गांव के पास में है यहां रहकर हम अपना भरण घोषण कर सकते हैं अगर हमको यहां जगह नहीं दी जाती है तो हमारे बच्चे मारे-मारे फिरेंगे।

इतना ही नहीं एक बड़ी बात भी ग्रामीणों ने कह दी कि कुछ लोगों लोग तो... को तैयार है इस जगह पर रह कर हम अपनी खेती-बाड़ी सरलता से कर सकते है इसलिए हमें विशनवाडा रोड पर पीपलखेड़ी पर बसाने की अनुमति प्रदान करें।

## स्टेशन रोड व कोऑपरेटिव बैंक के सामने से अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के निर्देश पर रेलवे स्टेशन रोड एवं कोऑपरेटिव बैंक के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि इन स्थानों पर अत्यधिक अतिक्रमण होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी ,जिन्हें आज अतिक्रमण दस्ता प्रभारी अमित कुमार आर्य द्वारा हटा दिया गया है तथा संबंधितों पर जुर्माना की कार्रवाही भी की गई है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि शहर के मुख्य मार्गों पर आवागमन सुचारू बनाए रखने के लिए सड़कों के किनारे किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न ही करने दें, इससे शहर की सुंदरता तो खराब होती ही है साथ ही नागरिकों को आवागमन में समस्या होती है। कुछ परिस्थितियों में लोग अत्यधिक परेशान होते हैं ।वर्तमान में विवाह आदि के मुहूर्त चल रहे हैं, ऐसे में भी बाहर से आने वाले नागरिको के कारण यातायात पर अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे बार-बार जाम की स्थिति बनती है एवं यातायात बाधित होता है, अतः सभी नागरिक अच्छे शहरवासी का परिचय देते हुए, अतिक्रमण नहीं करने दें। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण दस्ता प्रभारी अमित कुमार के साथ नपा सहयोगी संस्था डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट के जय दहिया व धर्मेंद्र धाकड़ आदि उपस्थित रहे।







## बोहरा समाज के रमजान शुरू मंगलवार से पहला रोजा, 10 मार्च को शबेकद्र की रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

बोहरा समाज में हिजरी वर्ष 1447 का सबसे पवित्र महीना रमजान 17 फ़रवरी से आरंभ हो रहा है। पहला रोज़ा मंगलवार से रखा जाएगा और पूरे 30 दिन चलेंगे। अंतिम रोज़ा 18 मार्च को होगा और 19 मार्च, गुरुवार को ईदुल फ़ितर मनाई जाएगी। 10 मार्च, मंगलवार की रात शबेक़द्र के रूप में मनाई जाएगी, जिसमें समाज के सभी सदस्य रातभर जागरण कर मस्जिद में इबादत करेंगे। सूरत से आमिल जनाब मोइज़ भाई साहब बदरी, बोहरा समाज के लोगों को इबादत कराने और इमामत करने के लिए तशरीफ़ लाए हैं।रमजान के दौरान बोहरा समाज में प्रत्येक समाजजन को सेहरी और इफतार का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। स्थानीय बोहरा मस्जिद में पूर्ण एहतमाम और सम्मान के साथ आमिल मोइज़ भाई साहब द्वारा इमामत की जाएगी। पूरे महीने के 30 दिनों तक



समाजगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की ओर से सभी समाजजनों के घरों तक सुबह और शाम का भोजन पहुँचाने का इंतज़ाम किया गया है, ताकि किसी को स्वयं खाना बनाने की आवश्यकता न पड़े। इस व्यवस्था की देखरेख अलिअकबर राही द्वारा की जाएगी। सेहरी का अंतिम समय सुबह 5 बजकर 38 मिनट तक रहेगा, जिसमें चाय, शक्कर, टोस्ट और अंडा शामिल होंगे। इफ्तार के समय मुंबई से निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन में दो सब्ज़ियाँ, रोटी, बिस्कुट, दूध, खजूर और चाय शामिल रहेंगी।रमजान शब्द 'रम्ज़' से लिया गया है, जिसका अर्थ है सूर्य की अत्यधिक गर्मी से छोटे पत्थरों का तपना। यह महीना ईश्वरीय नामों में से एक है और इसी महीने में पवित्र कुरआन नाजिल हुआ था। रमजान को बरकतों वाला महीना माना जाता है, जिसमें अल्लाह अपने बंदों को असीम नियामतों से नवाज़ते हैं। रोज़ा अरबी में 'सौम' कहलाता है, जिसका अर्थ है रुकना। रोज़ा केवल भूख और प्यास से नहीं, बल्कि तमाम बुराइयों से परहेज़ करना भी है। इसमें गलत बोलना, देखना, सुनना या नाजायज़ कर्म करना वर्जित है और हर समय खुदा की इबादत करना आवश्यक है।पूरा माह रमजान समाज के लिए आत्मसंयम, भक्ति और इबादत का अवसर है, जिसमें हर सदस्य अपने जीवन में नैतिकता, परहेज़ और सामाजिक भलाई को अपनाता है।

## दंपती के बैग को काट कर 6 तोला सोना पार

### बस से महिला के पर्स से सोने के जेवरात साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को चुनौती देते हुए शातिर चोरों ने इंदौर-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इंदौर निवासी एक दंपती जब शादी समारोह में शामिल होने ग्वालियर जा रहे थे, तभी रास्ते में उनके ट्रॉली बैग से करीब 5 से 6 तोला वजनी सोने के आभूषण चोरी हो गए। वहीं जिले के म्याना से गुना के बीच चलने वाली एक यात्री बस में अज्ञात चोर ने एक महिला के पर्स से सोने के जेवरात साफ कर दिए। पीड़िता ने म्याना थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी हेमेन्द्र सिंह जादौन निवासी इंदौर ने जीआरपी गुना को बताया कि वह गत दिवस को अपनी पत्नी नंदनी भदौरिया के साथ ट्रेन संख्या 11125 इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच एस-3 में यात्रा कर रहे थे।

उज्जैन स्टेशन से निकलने के बाद उनकी नींद लग गई थी। रात करीब 1 बजे जब उनकी आंख खुली, तो उन्होंने देखा कि सामने वाली लोअर बर्थ पर करीब 35 से 40 साल का एक अज्ञात व्यक्ति बैठा हुआ था। इसके बाद हेमेन्द्र सिंह पुनः सो गए।रात करीब 3 बजे जब ट्रेन गुना स्टेशन के समीप पहुँच रही थी, तब हेमेन्द्र की नींद खुली। उन्होंने देखा कि सामने बैठा व्यक्ति गायब था। शक होने पर उन्होंने अपनी बर्थ के नीचे रखा ट्रॉली बैग चेक किया, तो उसके होश उड़ गए। शातिर चोर ने बैग की चैन खोलने के साथ-साथ उसे ऊपर से काट दिया था। बैग खोलकर देखने पर उसमें रखे सोने का हार, एक जोड़ी कान की ब्रज बाला, एक जोड़ी झुमके और दो अंगूठियां गायब थीं। फरियादी ने बताया कि वह ग्वालियर में एक शादी में शामिल होने जा रहे थे, इसलिए वहां पहुंचकर ग्वालियर जीआरपी में आवेदन दिया। चूंकि घटना गुना स्टेशन के आसपास की है, इसलिए ग्वालियर जीआरपी ने शून्य पर मामला दर्ज कर केस डायरी असल अपराध कायम करने हेतु गुना जीआरपी को भेज दी है। चोरी गए जेवरों का वजन करीब 5 से 6 तोला बताया जा रहा है। पुलिस अब हुलिए के आधार पर अज्ञात संदिग्ध की तलाश में जुट गई है।इधर जिले के म्याना से गुना के बीच चलने वाली एक यात्री बस में अज्ञात चोर ने एक महिला के पर्स से सोने के जेवरात साफ कर दिए। पीड़िता ने म्याना थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादिया नंदनी जाटव निवासी सिरोंज (विदिशा) ने बताया कि वह म्याना स्थित अपने मायके आई हुई थी। गत विस वह वापस जाने के लिए म्याना चौराहा से सफेद रंग की बस क्रमांक एमपी 07-5171 में सवार हुई।

बस में काफी भीड़ थी, जिसका फायदा उठाकर किसी अज्ञात बदमाश ने उसके पर्स की चैन खोल ली और अंदर रखी डिब्बी पार कर दी। उस डिब्बी में करीब दो तोला वजन का सोने का हार और नथ-बेंदी रखी थी, जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई जा रही है।

#### जयस्तंभ पर उतरते ही पता चला

जब बस गुना के जयस्तंभ चौराहे पर रुकी और पीड़िता नीचे उतरी, तब उसने देखा कि पर्स की चैन खुली हुई है और जेवरात गायब हैं। पीड़िता ने तत्काल अपने परिजनों को सूचना दी और काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस की शरण ली। म्याना पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### प्रदूषण नियंत्रण, मिट्टी की उर्वरता बचाने हेतु वैज्ञानिक उपाय अपनाने का आह्वान किया

## प्रगतिशील किसानों के सुझाव, व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में नरवाई, पराली प्रबंधन को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर सक्रिय पहल की है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कृषक संगठनों एवं प्रगतिशील किसानों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित कर खेतों में अवशेष न जलाने, वैकल्पिक तकनीकों के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में कृषि विभाग, पर्यावरण विभाग तथा विभिन्न कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर नरवाई प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की। कृषि उपसंचालक ने बताया कि खेतों में अवशेष जलाने से मिट्टी के सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता व उत्पादकता घटती है, जल धारण क्षमता कम होती है और प्रदूषण के साथ स्थानीय तापमान में भी वृद्धि होती है। यह नुकसान सीधे तौर पर किसानों और स्थानीय आबादी को प्रभावित करता है।वैज्ञानिक



विकल्पों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, स्ट्रॉ रीपर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर और मल्चर जैसे यंत्रों का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। जिले में नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए अब तक 292 से अधिक कृषि यंत्र अनुदान पर वितरित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश शासन के पर्यावरण विभाग तथा एअर (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन) एक्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुसार खेतों में अवशेष जलाना प्रतिबंधित है। नियमों के उल्लंघन पर 2 एकड़ तक के कृषकों पर 2500, 2 से 5 एकड़ तक 5000 और 5 एकड़ से अधिक भूमि धारकों पर 15000 प्रति घटना का जुर्माना निर्धारित है।इस दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा जिले में पराली प्रबंधन की स्थिति में पहले की तुलना में सुधार हुआ है और नरवाई जलाने की घटनाओं में कमी आई है। इसे आगे भी बनाए रखने के लिए किसान-प्रशासन के बीच इशू तरह समन्वय जरूरी है। उन्होंने गुलाब, अमरूद जैसी उन्नत फसलों की खेती को जिले का उभरता मॉडल बताते हुए आधुनिक व वैज्ञानिक खेती से आय बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान किसानों ने भी अपने सुझाव रखे और व्यावहारिक समस्याएं साझा कीं, जिनका मौके पर समाधान किया गया। अंत में उपस्थित सभी कृषकों ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने और नरवाई नहीं जलाने का सामूहिक आश्वासन दिया। प्रशासन ने अपील की है कि स्वच्छ वातावरण, स्वस्थ मिट्टी और बेहतर फसल उत्पादन के लिए किसान वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाएं और जिले को प्रदूषण-मुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### विशेष पुलिस थाना अजाक द्वारा ग्राम मंगवार व बिलोनिया चक्क में जनचेतना शिविरों का आयोजन

गुना। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों के अधिकारों के संरक्षण एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डीएसपी अजाक विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में विशेष पुलिस थाना अजाक प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. आर्य द्वारा अपने स्टाफ सहित केंट थानांतर्गत ग्राम मंगवार एवं बिलोनिया चक्क में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों के बीच जनचेतना शिविरों का आयोजन किया गया । शिविरों के दौरान अजाक थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों, पीड़ितों को मिलने वाली राहत राशि, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा जाति प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## आरोन में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया



**गुना।** 16 फरवरी को राज्यव्यापी विरोध सप्ताह के तहत सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) की आरोन इकाई ने स्थानीय दास मंदिर चौराहे पर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कार्यालय सचिव महेंद्र नायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें लगातार जनविरोधी नीतियां लागू कर रही हैं, जिससे आम मेहनतकश जनता का जीवन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। उनका कहना था कि जिन क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ताओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और वितरण कंपनी के कर्मचारियों द्वारा जबरन मीटर लगाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। (महेंद्र नायक):"बिजली जैसी जरूरी सेवा पर मुनाफाखोरी की नीति बंद होनी चाहिए। जबरन स्मार्ट मीटर लगाना जनता के साथ अन्याय है।"प्रदर्शन में सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों को सांदीपनी स्कूलों में मर्ज करने की नीति का भी विरोध किया गया। वक्ताओं का कहना था कि 15 किलोमीटर के दायरे में स्कूलों के बंद होने से गरीब और खासकर छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होगी।मुख्य वक्ता और जिला कमेटी सदस्य मनोज रजक ने हाल ही में इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हुई मौतों का जिक्र करते हुए सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने आशंका जताई कि पेयजल सेवाओं के निजीकरण की दिशा में भी कदम बढ़ाए जा रहे हैं।"पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सेवाओं का निजीकरण बंद होना चाहिए। सरकार को जनता के हित में काम करना चाहिए।"प्रदर्शनकारियों ने पर्यावरण संरक्षण, आदिवासी अधिकारों की रक्षा, किसानों को फसलों का उचित मूल्य, बीमा क्लेम और मुआवजा देने की भी मांग की। साथ ही सरकारी अस्पतालों को पीपीपी मॉडल पर निजी हाथों में सौंपने का विरोध करते हुए आरोन सिविल अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टरों और स्टाफ की नियुक्ति की मांग उठाई गई।जल संकट को देखते हुए आरोन नाके के पीछे बने तालाब के पुनः गहरीकरण की मांग भी की गई, ताकि वर्षा जल का संरक्षण हो सके।प्रदर्शन के अंत में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन से इन मांगों पर तत्काल कार्रवाई की अपील की और राज्य स्तरीय मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की मांग की।

## पत्रकार भवन चाचौड़ा में 18 फरवरी को आयोजित होगा विशाल आयुष्मान कैंप व स्वास्थ्य कैंप

**चाचौड़ा।** विकासखंड चाचौड़ा के सभी पत्रकार साथियों एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पत्रकार भवन( बी आर सी भवन के पास) चाचौड़ा में समय दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक 18 फरवरी को विशाल आयुष्मान शिविर लगाया जाएगा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। जिसमें पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। बी एम ओ डॉ राजेश कुमार पुष्पक ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है जो कि व्यक्ति की बीमारी दुर्घटना के समय में आर्थिक सहायता के रूप में व्यक्ति के काम आता है नगर चाचौड़ा- बीनागंज के नागरिकों को इधर-उधर न भटकना पड़े इसलिए संयुक्त पहल पर एक साथ एक ही स्थान पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। साथ ही जन सामान्य की आम बीमारी जैसे बीपी शुगर और मौसमी बीमारियों का उपचार एवं जांच भी उक्त शिविर में की जाएगी,जिससे कि नगर के आमजन को इस योजना का लाभ मिल सके स्वास्थ्य विभाग एवं पत्रकार जनों के द्वारा पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि कैंप में उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

# आरोन में क्रिकेट महाकुंभ: शहर के मुख्य मार्गो से निकला भव्य जुलूस, 16 टीमें मैदान में





हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में खेल उत्सव का माहौल उस समय देखने को मिला जब पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह के संरक्षण में युवा आदर्श एकता मंच, आरोन द्वारा स्वर्गीय रानी मां आशा सिंह जी की पुण्य स्मृति में आयोजित वार्ड क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट की शुरुआत विजेता कप के साथ निकली आकर्षक बाइक रैली से हुई, जिसने शहर के प्रमुख मार्गों पर उत्साह और ऊर्जा का वातावरण बना दिया।रैली में भाग ले रही 16 टीमों के खिलाड़ियों ने विजेता ट्रॉफी के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया। शहरवासियों ने जगह-जगह खिलाड़ियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। रैली स्टेडियम पहुंची, जहां विधिवत रूप से टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में नगर के 15 वार्डों सहित शासकीय कर्मचारियों को मिलाकर कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपये है, जो आयोजन के संरक्षक जयवर्धन सिंह द्वारा प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 51,000 रुपये जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल यादव द्वारा तथा तृतीय पुरस्कार 25,000 रुपये पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी द्वारा दिया जाएगा।शुभारंभ अवसर पर स्वर्गीय रानी मां आशा सिंह जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी सहित आयोजन सहयोगी आबिद खान, , मूलचंद भोरे, विकास चौधरी, शैलेश जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हीरालाल अहिरवार, अजय दुबे, शक्ति शर्मा, योगेश शर्मा, रामेश्वर साहू, यतीश रघुवंशी, मंटू जैन, खुर्रम खान, नंदू भोरे, तीरथ अहिरवार, धीरेन्द्र ग्वाल, मोनू यादव (सरपंच, कोलूआ), रजनीश उपरिंग सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।नगर में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित हो रहे इस वार्ड क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने उम्मीद जताई है कि यह प्रतियोगिता खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ नगर में एकता और भाईचारे का संदेश भी देगी।

## महाशिवरात्रि पर गोस्वामी समाज के चल समारोह में शामिल हुए विधायक जयवर्धन सिंह, धर्मशाला निर्माण की मांग पर की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह गोस्वामी समाज की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजीव रघुवंशी, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं समस्त गोस्वामी समाज बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।

गोस्वामी समाज द्वारा महाशिवरात्रि एवं जयंती के अवसर पर विशाल चल समारोह निकाला गया, जो मुख्य बाजार से होते हुए गोस्वामी वाटिका पहुंचा। समारोह में समाज के लोगों ने धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह के साथ भाग लिया।विधायक जयवर्धन सिंह अपने निर्धारित समयानुसार कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गोस्वामी वाटिका पहुंचे, जहां समाजजनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान गोस्वामी समाज द्वारा धर्मशाला निर्माण की मांग रखी गई।अपने संबोधन में विधायक ने सभी को महाशिवरात्रि और गोस्वामी जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन को समाज के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर धर्मशाला की मांग पूरी करने की घोषणा की।कार्यक्रम में समाज की एकता, परंपरा और सामाजिक सहयोग को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया तथा आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## धूमधाम से निकली पालकी यात्रा, किशोरियों का अखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

बीनागंज नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय दरबार मित्र मंडल के सहयोग से संपूर्ण बीनागंज नगर में पालकी यात्रा निकाली गई यात्रा में बाबा भोले नाथ की भिन्न भिन्न झांकी, घोड़े, झांसी की रानी सहित अन्य वीरांगनाएं का प्रतिरूप,बग्गी, ढोल, डीजे, गरबा नृत्य करती हुई बालिकाएं ,बालक और



हजारों की संख्या में नगर की महिलाएं और पुरुष एकत्रित हुए पालकी यात्रा में प्रथम बार किशोरियों ने अखाड़ा किया एवं झांझ बजाकर नृत्य किया जो की आकर्षण का केंद्र रहा। पालकी यात्रा में भिन्न-भिन्न समाज सेवियों, के द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया । नागरिक झूमके गाते हुए नगर में भोलेनाथ के साथ निकले, ज्ञातव्य हो कि विगत 9 वर्ष से पालकी यात्रा निरंतर निकलती आ रही हे और महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया जाता हे । पंडित अजय पारीक ने बताया कि इस वर्ष श्री सुदर्शन जी शर्मा नील गिरी आश्रम ब्यावरा के द्वारा सप्त दिवसीय श्री मद भागवत कथा की गई,यज्ञाचार्य महेश जी भारद्वाज एवं मुख्य यजमान मूलचंद जी गौड रिटायर्ड उच्च श्रेणी शिक्षक रहे,साथ ही वृन्दावन कॉलोनी ,कुमार मोहल्ला सहित नगर के सभी भक्तों का सहयोग रहा।

# महा शिवरात्रि पर्व पर घोष पथ संचलन का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में महा शिव रात्रि पर्व पर घोष पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसमें 12 घोष वादकों द्वारा नगर के दास हनुमान मंदिर पर एकत्रित होकर घोष वादन किया जहां पर खंड विस्तारक जितेंद्र जी का बौद्धिक प्राप्त हुआ। इसके उपरांत दास हनुमान मंदिर से घोष वादन के साथ पथ संचलन निकाला गया एवं राधा कृष्ण मंदिर पर प्रार्थना के उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरोन खंड के माननीय खंड संघ चालक श्री भगवानलाल जी शर्मा उपस्थित रहे। मातृ शक्ति संख्या 230 पुरुष संख्या 210 बाल संख्या 100 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सन-1927 में घोष प्रारंभ किया। था महानाद अर्थात ऊं ध्वनि संसार के श्रृजण का साक्षी है। संघ में घोष का महत्व उसी प्रकार है जैसे वीर के माथे पर तिलक शोभायमान होता है।घोष वादन से स्वयं सेवकों में साधना परिपक्व होती है उत्साह और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। आत्मानुशासन, ध्यान की एकाग्रता, और तत्परता में गुणवत्ता




आती है। इसके वादन से स्वयं सेवकों में संचलन के अवसर पर कदम ताल में एकरुपता आती है। शिव रात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्वों पर घोष वादन से समाज के विश्वास को वृद्धि होती है। शांति काल में घोष वादन से सहयोग, संस्कार, एवं सहोदर भाव का संचार होता है। युद्ध काल में अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाने,सत्रु सैना को मानसिक रूप से विदीर्ण हतोत्साहित करने का कार्य बनता है। घोष संगीत अर्थात प्राण शक्ति है। तानसैन का संगीत, श्रीकृष्ण का मुरली वादन, पांचजन्य शंख, अर्जुन का देवदत्त शंख वादन घोष संगीत के ऐतिहासिक महत्व को समझते हैं। संघ की आध्यात्मिक और धार्मिक प्रतिबद्धता का पृकटीकरण होता है।नये स्वयं सेवकों के निर्माण में सहायक होता है।

# अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किया जाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ईसागढ़

अभिभाषक संघ ईसागढ़ द्वारा सोमवार को व्यवहार न्यायाधीश ईसागढ़ को ज्ञापन देकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अति शीघ्र लागू करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा और बताया कि शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता श्री संजय कुमार सक्सेना की दिनांक 14 फरवरी 2026 को आरोपियों द्वारा गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई है इस घटना से मध्य प्रदेश के अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश एवं रोष व्याप्त है।

मध्यप्रदेश का अधिवक्ता अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है जो अत्यंत चिंता का विषय है मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए राज्य शासन से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करती रही है परंतु इस संबंध में अभी तक कोई भी प्रयास राज्य शासन द्वारा नहीं किए गए हैं। अधिवक्ता गणों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं यहां तक की अब अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि दिन दहाड़े अधिवक्ताओं पर हमले कर हत्या तक की जा रही है जिससे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश एवं रोस व्याप्त है। दिनांक 15 फरवरी 2026 को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की विशेष सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर प्रस्ताव क्रमांक 3 बी जी बी 2026 पारित किया गया। जिसमें स्वर्गीय संजय कुमार सक्सेना अधिवक्ता की निर्संश हत्या के विरोध में प्रदेश के अन्य स्थानों पर अधिवक्ताओं पर हो रहे लगातार हमले के विरोध एवं अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किए जाने के संबंध में 16 फरवरी को न्यायालय कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस दौरान अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव ,कोषाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, सचिव केके शर्मा ,सह सचिव हेमंत सिंह राजपूत, पुस्तकालय सचिव शब्बीर हुसैन कुरेशी कार्यकारिणी सदस्य जगराम सिंह यादव ,रविंद्र सिंह परिहार, निर्देश यादव, अजय यादव, हिमांशु सोनी,आकर्ष जैन, अनीता लोधी, बबली केवट, तृप्ति कुशवाह, महेंद्र सिंह यादव, देवेन्द्र लोधी, सुरेन्द्र द्विवेदी,ज्ञान सिंह यादव, रामनारायण अग्रवाल,ओपी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।




## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, जिला वनमण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी करीला मेला को दृष्टिगत रखते हुए वाहनों की फिटनेस की जांच हेतु अभियान चलाया जाए। साथ ही मेला के दौरान ओव्हर लोडिंग न हो इस हेतु जनजागरूता अभियान चलाया जाए। उन्होंने चिन्हित ब्लॉक स्पॉट पर आवश्यक सावधानियों के संबंध में कार्यवाही की जाए। बैठक में अशोकनगर शहर के चैराहों पर सुधार कार्य एवं यातायात को सुगम बनाने हेतु कार्य किये जाए। शहर वन वे की आवश्यक्ता एवं प्लान तैयार कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। राहगीर योजना का जिले में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर उपचार मिल सके।

# आशा कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों की मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सोमवार को आशा कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरो की मांगों के संबंध में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री शिशुपाल यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर आशा एवं सुपरवाइजर महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में सम्मिलित होने वालों में शिल्पा शर्मा शकुंतला धाकड़ पूजा परिहार अनिता शर्मा, सुखविंदर कौर, इंद्राणी शर्मा रानी, कृष्णा अहिरवार, कमलेश, राधा अहिरवार,राधा शर्मा, मीरा, रेखा अहिरवार, पूजा परिवार, रीना कलावत, ज्योति जाट, आशा जैन, सरिता शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### ज्ञापन की मांगे इस प्रकार हैं

- पिछले दो वर्षो से टीबीआई का भुगतान नहीं हुआ
- योजना शुरू होने से आज तक, किसी भी आशा को आशा कल्याण कारी योजना का लाभ नहीं मिला है
- पिछले दो वर्षो से आशा कार्यकर्ताओं को स्टेशनरी प्रिंट होकर नहीं मिल, जिससे फोटो कापी करा कर आशा कार्यकर्ता बहुत परेशान हैं।
- इस वर्ष यूनिफॉर्म के पैसे नहीं मिले
- आयुष्मान कार्ड का पेमेंट नहीं हुआ है अभी तक
- आशा एवं पर्यवेक्षकों का भुगतान विगत तीन महीने से नहीं हुआ है

## जिले में मादक पदार्थों पर कार्रवाई व नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले में मादक पदार्थों पर कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,जिला वनमण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्देशित किया कि जिले में मादक पदार्थो की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी समन्वित प्रयास संबंधित अधिकारियों द्वारा किये जाए। साथ ही मादक पदार्थो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस हेतु जन जागरूकता के माध्यम से लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक में मादक पदार्थो की तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में आसूचना/सूचना का आदान-प्रदान किया जाए। जिले में अफीम, भांग आदि की फसल की अवैध खेती की निगरानी रखी जाए। ऐसे प्रकरण जो राज्य के बाहर संबंधी हों उनकी जांच की प्रगति की निगरानी की जाए। स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरूपयोग विरोधी जागरूकता को बढावा देने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए।

**भंडारे में प्रसाद पाकर धन्य हुए श्रद्धालु**

## महाशिवरात्री के महापर्व पर सोनी मंदिर पर हुआ अखंड रामायण पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭शाढौरा

महाशिवरात्रि के अवसर पर शाढौरा कस्बे में व आसपास क्षेत्रों जगह-जगह सुबह से मंदिरों में आरती और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। नगर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंग गया। सुबह की पहली आरती के साथ ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो देर शाम तक जारी रहीं।

मंदिर परिसर हर-हर महादेव और "बम-बम भोले के जयघोष से गूंजते रहे। महिलाओं, युवक-



युवतियों और बुजुर्गों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख- समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र और गंगाजल अर्पित किया। जगह-जगह अखंड रामयण पाठ व भंडारे किए गए इसी तारतम्य में महा शिवरात्री के शुभ अवसर पर सोनी मंदिर राधाकृष्ण मंदिर पर स्वर्णकार समाज द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसमे अनेक श्रद्धालुओं ने आकर रामायण पाठ का वाचन किया और धर्म का लाभ लिया। मंदिरों को फूल-मालाओं और रंग- बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रादालू उपस्थित रहे।

## जगत गुरु पधारे, शिव पुराण कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरई

तहसील पिपरई अंतर्गत आने वाले ग्राम खैराई में आयोजित शिव पुराण कथा में उस समय भक्ति का वातावरण और अधिक दिव्य हो गया। जब जगत गुरु गोपाल दास जी का पावन आगमन हुआ। जगत गुरु के पधारने पर कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने खड़े होकर पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया। पूरा परिसर "हर हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा।

जगत गुरु ने अपने आशीर्वचन में कहा कि शिव पुराण केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को सदाचार, संयम और भक्ति का मार्ग दिखाने वाला दिव्य ज्ञान है। उन्होंने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि



शिव भक्ति से जीवन में शांति, सुख और समृद्धि आती है। कथा व्यास मनोज कृष्णा शास्त्री द्वारा शिव पुराण की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसमें भगवान शिव की लीलाओं और भक्तों के प्रति उनके प्रेम का विस्तार से उल्लेख किया गया। श्रद्धालु भक्ति भाव से कथा का श्रवण करते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति द्वारा जगत गुरु का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश महोदय अशोकनगर जिला अशोकनगर म.प्र.**

**प्रकरण क्र.आर.सी.ए. 4/2026**
**राजपाल यादव ........अपीलार्थी**
**बनाम**
**जनसाधारण आदि...... प्रतिअपीलार्थी**
**(विज्ञप्ति)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी राजपाल यादव पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम करमाई थाना व तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर द्वारा जनसाधरण के विरूद्ध अपने ताउ मृतक संग्राम सिंह की अचल सम्पति/कृषि भूमि सर्वे क्र. 223 रकबा 0.773 हैक्टर में से हिस्सा 1/5 यानि रकबा 0.154 हैक्टर स्थित ग्राम करमाई सर्वे क0 153 रकबा 0.154 हैक्टर, सर्वे क्र. 154 रकबा 0.449 हैक्टर स्थित ग्राम गढरौली कुल किता 3 कल रकबा 0.781 हैक्टर की अपीलार्थी के पक्ष में वसीयत की थी उक्त वसीयतनामा के आधार पर भू-स्वामी एवं आधिपत्यधारी घोषित किये जाने वावत सिविल अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत की है। अतः जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वसाधारण में से जो भी व्यक्ति उक्त प्रकरण में अपीलार्थी एवं प्रतिअपीलार्थी के रूप में पक्षकार वनना चाहता हो या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता हो तो वह व्यक्ति दिनांक 05/03//2026 को समय 10:30 बजे आवश्यक रूप से स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होवे। अन्यथा अपीलार्थी के पक्ष में उपरोक्तानुसार निराकृत किया जावेगा। मेरे न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 12/02/2026 को जारीकिया गया।

**राकेश कुमार पाटीदार**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश**
**अशोकनगर म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमरखेडी निवासी ऊदल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर, शिवेन्द्र, हरीसिंह, रामराजा दांगी व 7 से 8 अन्य लोगों ने उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की व मोटरसाईकिलों की तोडफोड कर दी और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकवारा निवासी घनश्याम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामेश्वर शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर ताल निवासी सुनील आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सूरज आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी सुमित लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विवेक जाटव ने पुरानी रंजिस को लेकर फरियादी के भाई दीपक लोधी और उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया में भरत सिंह यादव उम्र 42 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकशी कर ली, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात चोर सामान चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम सोवत निवासी शारदाबाई रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फरियादी के घर से अज्ञात आरोपी बीती रात बक्से से रात के समय पुराने सोने चांदी के जेवर व नगदी सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाइक स्पीड ब्रेकर पर पिछली एक घायल

**अशोकनगर।** कचनार थाने के अंतर्गत आरोन तहसील के तहत निवासी देवेंद्र पुत्र रतनलाल प्रजापति उम्र 32 वर्ष अपने साथी के साथ बाइक से अशोकनगर आ रहा था तभी स्पीड ब्रेकर पर करते समय बाइक फिसल गई जिसमें देवेंद्र घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल लाया जाए घायल के साथी ने बताया कि किसी व्यक्ति ने रोड पर पानी देने के लिए नाली खोदी थी जिसमें पाइप डाला हुआ था इस पाइप पर बाइक पिछली है जिससे उसे छोटा आई है घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है घटना डोगरा पत्थर गांव के पास की बताई जा रही है।

### जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, वन, जिला अभियोजन, स्वास्थ्य, खाद्य, परिवहन, जनजातीय कार्य, खनिज, आबकारी, खाद्य सुरक्षा विभागों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, जिला वन मण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस विभाग अंतर्गत गैर बैंकिंग कम्पनियों/ चिटफण्ड कंपनियों, माइक्रो फायनेंस कंपनियों एवं अन्य कंपनियों के विरुद्व पंजीचद्ध लंबित अपराधों की जानकारी वर्ष जनवरी 2026 तथा एनडीपीएस एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गई। वन विभाग अंतर्गत अशोकनगर वनमंडल अंतर्गत वन क्षेत्रों में अवैध कटाई अतिक्रमण/ परिवहन उत्खनन/शिकार एवं तस्करी, वन प्राणियों की विद्युत लाईन से सुरक्षा, वनग्रामों में सामुदायिक वनाधिकारों को पूर्ण कर विनिश्चयन करना एवं भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी, दोनों ओर से एफआईआर दर्ज

# दो परिवारों के बीच प्रेम विवाह को लेकर उपजा विवाद, खूनी संघर्ष में बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

**प्रेम विवाह पर भड़का विवाद, पुलिस मामले की जांच में जुटी**




बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम महौली में दो परिवारों के बीच प्रेम विवाह को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना 15 फरवरी की सुबह की है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

बताया गया है कि मामले की शुरुआत 10 फरवरी को हुई, जब महौली निवासी एक युवती और एक युवक घर से बिना बताए चले गए। जानकारी के अनुसार, दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली है। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों और पक्षों के बीच तनाव व्याप्त था। इसी बीच रविवार को दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मुंगावली पुलिस थाने में एक पक्ष के फरियादी रामवीर दांगी ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने भाई शिवेंद्र के साथ खेत की ओर जा रहे थे, तब विजेंद्र यादव के घर के सामने मौजूद कमर साहब यादव, ऊदल सिंह और मोहर सिंह ने उन पर तंज कसा और गालियां दीं। विरोध करने पर उन पर हमला कर दिया गया। इसमें रामवीर की उंगली और शिवेंद्र की कलाई पर चाकू व डंडों से हमला किया गया। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

वहीं दूसरे पक्ष से ऊदल सिंह यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि रामवीर, शिवेंद्र, हरी सिंह और रामराज दांगी ने करीब आठ अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके घर पर हमला बोला। शिकायत के मुताबिक, आरोपी लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी लेकर घर में घुसे। इस दौरान कमरसाहब यादव पर कुल्हाड़ी और डंडों से प्रहार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ऊदल सिंह का आरोप है कि हमलावरों ने ट्रैक्टर से घर का मुख्य गेट और दीवार तोड़ दी, एक



मोटरसाइकिल पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया और घर में खड़ी तीन अन्य बाइकों में तोड़फोड़ की। इससे करीब 2-3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मुंगावली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

इस घटना के बाद से ग्राम महौली में गर्म माहौल है दो पक्षों के बीच हुई यह घटना कहीं न कही जाति संघर्ष और आज भी इस बात की गवाही देती है कि षहरी क्षेत्र में भले ही लोग प्रेम विवाह को मान्यता देने लगे हों लेकिन ग्रामीण अचंलो में आज भी इस तरह के प्रेम विवाह स्वीकार नहीं हो पा रहे हैं। हालांकि स्थितियां बदली हैं लेकिन इस तरह के प्रेम विवाह परिवारों में रंजिस की नींव रख रहे हैं। इस घटना के बाद ऐसा ही सब कुछ महौली गांव में देखने को मिला है।

## चोरों ने फिर उड़ाई लोगों की नींद

# आधा दर्जन जगहों पर चोरी की वारदात को दिया अंजाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी में बीती रात अज्ञात चोरों के गिरोह ने दुर्गा नगर कॉलोनी और साडा कॉलोनी लोगों के घरों को निशाना बनाया है जहां एक सूने मकान में रखे लाखों रुपए के सामान और कुछ कीमती चीजों को बड़ी आसानी के साथ चुराकर ले गए।

हालांकि अभी इस बात का अंदाजा नहीं है की कितनी लाख रुपए की चोरी हुई है क्योंकि हरिहर चैबे पूर्व जनपद कर्मचारी का परिवार किसी कामकाज के लिए भोपाल गया हुआ है वहीं दूसरी ओर चोरों ने चिरकुट चोरी करते हुए किसी की मोटरसाइकिल चुराई तो किसी की स्कूटी व जूते चप्पल चुरा कर ले गए जिनमें सुरभि जैन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, निखिल दुबे सहित अन्य लोगों के यहां इसी प्रकार चोरी की वारदात को अंजाम दिया है जिसके बाद पुलिस आप उन चोरों का पता लगाने की लिए प्रयास कर रही है और जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे कंगाल ने में छुट्टी हुई है लेकिन देखा जाए तो अब चोरों की गतिविधियां चंदेरी नगर में फिर सक्रिय होती हुई दिखाई दे रही हैं। बताया जा रहा है कि यह चोरी करने वाली ग्रुप में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल बताए जा रहे हैं जो इस प्रकार चोरियां करते हुए नजर आ रहे हैं और पुलिस प्रशासन को अब इन चोरों को पकड़ने एक चुनौती बन रही है कि आखिरकार स्थानीय पुलिस इन चोरों तक कैसे पहुंच कर उनको पकड़कर सलाखों के पीछे डालेगी। देखा जाए तो पिछले 2025 में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था लेकिन अभी तक वह चोरी करने वाले गिरोह तक पुलिस नहीं पहुंच सकी और उन पूर्व में हुई चोरीयों का अभी तक पुलिस खुलासा ही नहीं कर सकी कि अब चोरों ने अपने कदम फिर बडा लिए है।

# 96 आंगनबाड़ी केंद्रों का वजन मापन का पुनरीक्षण

**अशोकनगर।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों का वजन अभियान माह में दिनांक 11 से 20 तक संचालित होता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सर्वे क्षेत्र अंतर्गत सभी दर्ज 0 से 5 वर्ष के बच्चों का ऊंचाई/लंबाई व वजन लेकर बच्चों का पोषण स्तर का पता करती है। इन बच्चों में चिन्हित सेम अति कम वजन के बच्चों को समय समय पर पोषण पुनर्वास केंद्र में ले जाकर हेल्थ चेकअप करवाया जाता है। इसके पीछे शासन का उद्धेश्य है कि बच्चों में होने वाली किसी भी गंभीर बीमारी जटिलता या कुपोषण का चिन्हांकन जल्दी से जल्दी होकर उपचार करवाया जाये व बाल मृत्युदर में कमी लाई जा सके। प्रतिमाह बच्चों के पोषण स्तर को ज्ञात करने में अनेक बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के कार्य में तकनीकि कारणों से या अज्ञानतावश त्रुटि पायी जाती है। इसी समस्या को दूर करने हेतु कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में 96 आंगनबाड़ी केंद्र सेम्पल सर्वे करवाया जा रहा है। जहां पर परियोजना अधिकारी/पर्यवेक्षक स्वयं उपस्थित होकर 100 प्रतिशत दर्ज बच्चों के वजन का क्रॉस चेकिंग कर सही स्थिति का पता लगायेंगे एवं प्राप्त परिणामों के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु प्रशिक्षिण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिले में पिपरेसरा, तमाशा-1,मथाना,माधौपुर, ओखरीखेड़ा, गणेश कालोनी अशोकनगर, रूसल्ला बुजर्ग, पिपनावदा, भगवानपुर, नगेश्री सहित 96 आंगनबाड़ी केंद्रों का वजन मापन का पुनरीक्षण करवाया जा रहा है।





# थाना देहात द्वारा मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाया

**अशोकनगर।** थाना देहात द्वारा मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाया। परिवार जनों से मिलने के बाद महिला के चेहरे पर खुशी देखी गई। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी को थाना देहात क्षेत्र के ग्राम राजतला से डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात बुजुर्ग महिला गांव में भटक रही है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है तथा अपने संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की 112 एफआरव्ही-12, जिसमें ड्यूटीरत प्रआर अरुण पाल उपस्थित थे, तत्काल मौके पर पहुंचे और महिला को सुरक्षित थाना देहात लेकर आए। थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा महिला से नाम एवं निवास स्थान के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। महिला ने अपना नाम किशन बाई बताया तथा खिरियाटांका एवं आसपास के कुछ गांवों के नाम बताए, साथ ही यह भी बताया कि वह तालाब के पास रहती है। हालांकि वह अपने परिवार के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थीं। प्राप्त संकेतों के आधार पर चीता-3 को तुलसी सरोवर तालाब क्षेत्र में जानकारी जुटाने हेतु रवाना किया गया। साथ ही महिला का फोटो एवं नाम, उनके द्वारा बताए गए गांवों के सरपंचों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर पहचान कराने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात एक व्यक्ति द्वारा महिला की पहचान किशन बाई यादव, निवासी ग्राम खिरियाटांका, हाल निवासी डॉक्टर कॉलोनी के रूप में की गई तथा उनके पुत्र चन्द्रपाल सिंह पुत्र गोविन्द सिंह यादव की जानकारी उपलब्ध कराई गई। सूचना के आधार पर चीता-3 को डॉक्टर कॉलोनी भेजकर महिला के पुत्र से संपर्क किया गया और उन्हें थाने बुलाया गया। थाना देहात में पुत्र द्वारा महिला की पहचान अपनी माता के रूप में की गई।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता जवाबदेही और समन्वय के साथ कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सोमवार को कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा (टीएल) पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी रंगपंचमी पर आयोजित होने वाले करीला मेला के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत कर ग्रेडिंग में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के निर्देशों के पालन के संबंध में मुख्य बिंदुओं पर समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रकरणों, जनहित से जुड़े आवेदनों, जनसुनवाई के आवेदनों, योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी समय सीमा के पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समन्वय के साथ कार्य किए जाएं। आमजन से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ तुरित कार्रवाई की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराए। कोई भी शिकायत नॉट अटेंडेंट न रहे। इसके लिए मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपा जाए। उन्होंने बताया कि आगामी 19 फरवरी 2026 को मुख्य सचिव द्वारा कलेक्टर -कमिश्नर कॉन्फ्रेंस की बिंदुओं की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से की जाएगी। आयुष्मान भारत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्कूलों में बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। बैठक में एकल नलजल योजना के क्रियान्वयन, पीएम आवास (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के तहत नवीन सत्र में नामांकन में वृद्धि एवं ड्राप आउट में कमी हेतु कार्य योजना, निशुल्क पाठ पुस्तकों का वितरण हेतु व्यवस्था, 1 अप्रैल 2026 से प्रवेश उत्सव कार्यक्रम, मिशन अंकुर, स्कूलों में बालिका शौचालय की व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एमपी सेवा पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

## 5 वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** थाना नईसरांय द्वारा 05 वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी को थाना प्रभारी नईसरांय उनि0 मनीष गुर्जर द्वारा न्यायालय अशोकनगर के प्रकरण में 05 साल से चल रहे फरार आरोपी शाकिर पुत्र अलतू उर्फ अट्टु खान उम्र 40 वर्ष निवासी पावर हाउस के पीछे नईसरांय थाना नईसरांय को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।



# श्रीमद्भगवद्गीता अखंड पाठ किया गया




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महाशिवरात्री के पावन अवसर पर जिसका आयोजन श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर के मंडल बकसनपुर आरोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक आदिवासी कन्या का विवाह समिति द्वारा किया गया इसी उपलक्ष्य में योगेश्वर की अमृत वाणी का सामूहिक अखंड पाठ किया गया जिसमें अनेक भाई बहिनों ने सहभागिता की।

इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य था सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग की भावना की बढ़ोत्तरी करना साथ ही वैदिक रीति अनुसार पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करना।स्वागत सत्कार की अद्भुत परम्परा को जीवंत करना।फिजूल खर्ची पर रोकथाम करना।व्यसन मुक्त आयोजन करना।फूहड़ गाने, अश्लील नृत्य को प्रतिबंधित करना।कानफोडू डी जे का प्रयोग न करके मधुर संगीत को प्राथमिकता। डी जे जो हृदयाघात और कान की नसें फटने का कारण बन रहा है इसे प्रतिबंधित करना। भोजन प्रसादी में भोजन को झूठा छोड़ने की गलत प्रवृति को रोकना। समिति द्वारा किया गया यह पुण्य पवित्र कार्य एक अनुपम उदाहरण पेश कर गया है। यह विवाह संपूर्ण अशोकनगर जिले के लिए प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। अध्यात्म, सेवा, सादगी, और सामाजिक सहयोग का ऐसा अद्भुत सुंदर संगम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा। निःस्वार्थ भाव एवं आपसी सहयोग से समाज हित में किए जा रहे ऐसे प्रयास ही हमारे वैदिक संस्कारों और भारतीय संस्कृति की वास्तविक पहचान हैं। समिति के सभी कार्यकर्ताओं को इस सराहनीय आयोजन हेतु अनेक प्रबुद्धजनों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं एवं अनेकों आगंतुकों ने कन्या को भेंट में वस्त्र, घरेलू उपयोग का सामान उपहार में दिए। आदिवासी कन्या के धर्म पिता बने जोशी जी जिन्होंने कन्यादान किया। इस आदर्श विवाह कार्यक्रम में आध्यात्मिकता से परिपूर्ण माहौल रहा। अखंड गीता पाठ पश्चात अनेक गीता प्रेमियों ने भजन कीर्तन गाएं जिससे कार्यक्रम का दिव्य हनुमान जी मंदिर परिसर भक्तिभाव से भरकर वृंदावन, अयोध्या जैसा लग रहा था। इस अवसर पर ग्राम बक्सनपुर आरोली खैराई के गीता प्रेमी भाई बहिनों के साथ ही विश्व गीता प्रतिष्ठानम से राजीव पचैरी समिति सदस्यों में रामबली यादव, रमन सिंह, बलवीर सिंह रांवसर, राजेंद्र सिंह यादव, राजकुमार यादव रांवसर, हेमंत आदि रहे मौजूद।

# महाशिवरात्रि पर पिपलेश्वर महादेव मंदिर में 84 वर्षों से प्रसाद वितरण की परंपरा कायम

**अशोकनगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर स्थित स्टेशन रोड पिपलेश्वर महादेव मंदिर आबकारी विभाग परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रसाद वितरण एवं कन्या भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाराज हरिओम दुबे के सान्निध्य में संपन्न हुआ यह धार्मिक आयोजन सन 1984 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और अब क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

महाशिवरात्रि के दिन प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन, अभिषेक और आरती का क्रम शुरू हुआ। पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए खीर-पूरी का प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही पारंपरिक मान्यता के अनुसार शिवभक्तों के लिए भांग का वितरण भी किया गया, जिसे महाशिवरात्रि की धार्मिक परंपरा का हिस्सा माना जाता है कार्यक्रम की



विशेष कड़ी के रूप में कन्या भोजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें बालिकाओं को विधिवत पूजन कर सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। आयोजन समिति के अनुसार इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा।



### महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में फल वितरित किए


**अशोकनगर।** लीनेस क्लब सर्वमंगला की अशोकनगर इकाई द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भोलेनाथ की आराधना की गई और गरीबों को फल वितरित किए गए। जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं को सेहत की टोकरी भेंट की गई। इस उपलक्ष्य पर क्लब की अध्यक्षा अमिता खेर, चार्टेर्ड अध्यक्षा लीनेस दिव्यप्रभा तायडे, कोषाध्यक्ष लीनेस परमीत सेठी, सचिव लिनेस अंजना अग्रवाल,सह सचिव लीनेस संपदा वैद्य, लीनेस नेहा अरोरा उपस्थित रहीं।

## कालेश्वर महादेव का भक्तों ने किया अभिषेक

# महाशिवरात्रि पर्व पर मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नईसराय तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कालाबाग पोला पहाड़ शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया रविवार को पूरे दिन लाखों भक्तों ने शिव पोला पहाड़ पर जाकर दर्शन किए। जिसके चलते काफी दूर तक महिलाओं,पुरुषों की लंबी लाइन देखने को मिली वहां पर प्रसिद्ध कथा वाचक महेंद्र पारसमणी महाराज निवासी शिवपुरी द्वारा भागवत कथा का



वाचन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कालाबाग गांव में एक ऐसा स्थान है जहां पर भगवान भोलेनाथ का काफी प्राचीन मंदिर है इसके साथ ही मंदिर प्रति शिवरात्रि पर मेला लगता है जिसके तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन



किया जाता है कालाबाग में काले पत्थर से बने कालेश्वर महादेव का शिवरात्रि पर अभिषेक व विशेष श्रृंगार व पूजा अर्चना की जाती है उल्लेखनीय है कि कालाबाग में काले पत्थर से बने कालेश्वर महादेव की शिवलिंग ने एक अलग ही पहचान दिलाई है यह शिवलिंग एक गुफा में स्थित है जो भक्तों की आस्था का केंद्र है यह गुफा लगभग 3 वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैली है तथा पहाड़ पर स्थित इसे पोला पहाड़ के नाम से भी जाना जाता है। इस गुफा का निर्माण किसने करवाया इसके बारे में किसी के पास कोई प्रमाण नहीं है हालांकि बुजुर्ग बताते हैं कि यह गुफा करीब 400 साल पहले की है जहां शिव भक्त हर दिन दर्शन करने को आते हैं जहां भक्तों की भीड़ लगती है। वहीं प्रशासन की तरफ से नई सराय तहसीलदार मयंक तिवारी एवं थाना प्रभारी मनीष आदि रहे मौजूद।


## शिवपुरी में साथी अधिवक्ता की हत्या के विरोध में हड़ताल पर थे सभी वकील

# अदालतों में वकीलों को ढूंढते नजर आए पक्षकार, अगली तारीखें मिली

### विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शिवपुरी जिले में एक अधिवक्ता की गोली मारकर की गई नृशंसा हत्या के विरोध में राजगढ़ जिला न्यायालय सहित सभी तहसील न्यायालयों के अधिवक्ता अदालतों के कार्य से विरत रहे। साथी अधिवक्ताओं पर आए दिन हो रहे हमलों, हत्या के विरोध में राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर वकील अदालतों में पहुंचे ही नहीं। ऐसे में न्यायालयों में विभिन्न मामलों के पक्षकार अपने अधिवक्ताओं, वकीलों को यहां-वहां ढूंढते नजर आए। उधर, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों की तीखी निंदा करते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग रखी। अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों के संबंध में कलेक्टोरेट में जमकर नारेबाजी भी की।





#### शासकीय नौकरी व 1 करोड़ अनुगृह सहायता की मांग

ज्ञापन में उल्लेख है कि अधिवक्ता न्याय के प्रहरी के रूप में काम करते हैं और उन्हीं की हत्याएं हो रही हैं, आए दिन हमलों के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने सहित शिवपुरी के मृत अधिवक्ता के परिवार को शासकीय नौकरी एवं 1 करोड़ रुपए की अनुगृह सहायता देने की मांग सभी अधिवक्ताओं ने रखी।

#### तहसील न्यायालयों में भी कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

अधिवक्ताओं का उग्र आंदोलन, प्रदर्शन अकेले जिला न्यायालय तक सीमित नहीं बल्कि जिले के अन्य तहसील न्यायालयों में भी वकील काम पर नहीं पहुंचे। सभी न्यायालयों में विभिन्न प्रकरणों, मामलों के पक्षकार अपने वकीलों को ढूंढते नजर आए।

#### अटकी जमानतें, अगली तारीखें दी गईं

जिले के सभी अधिवक्ताओं, वकीलों के कार्य से विरत रहने के चलते सभी तरह के आपराधिक मामलों से जुड़ी जमानतें, सुनवाई नहीं हो पाईं। न्यायालय से संबंधित पक्षकारों की आगे की तारीखें दी गईं। मुख्यालय पर हुए ज्ञापन, प्रदर्शन के दौरान शेख मुजीब, अविनाश दशेहरिया, आलोक श्रीवास्तव, आफताब खान, सतीश व्यास, प्रहलाद पंवार, समीर सक्सेना, बीएम सक्सेना, नवनीत शर्मा, वल्लभ शर्मा, जेपी शर्मा, रिषिराज शर्मा, नरेंद्र परमार, धर्मेंद्र नामदेव, मोहम्मद सिद्धिकी, अमित व्यास, प्रभा शर्मा, मनोज गुर्जर, लाड़सिंह, रमेश धाकड़, लक्ष्मीनारायण मंडलोई, विजय शर्मा, तरुण श्रीवास्तव, नारायण सिंह, मोहन वर्मा, धर्मेंद्र उमठ, कमल उमठ, मोहनीश, राकेश गौर, सुनील सोनी, मेहरबान, हेमराज सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल से टोटियां चोरी करने वाला धराया

### तुलसीयान सिक्यूरिटी सर्विस की सिक्यूरिटी के बिछाए जाल में फंसा चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



एक महीने से लगातार जिला अस्पताल में चोरी की घटनाओं को आए दिन अंजाम देने वाले चोर का पर्दाफाश हो गया है। तुलसीयान सिक्यूरिटी सर्विसेस के सुपरवाइजरों की समझदारी से इस चोर को पकड़ा जा सका है।

सुपरवाइजर विक्रमसिंह एवं प्रहलाद सिंह ने बताया की पिछले 15 दिनों से जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों से नल की टोंटियां निकाली जा रहीं थी और चोर पकड के बाहर था परंतु सोमवार को सिक्यूरिट सुपरवाइजर ने सक्पेक्ट दिख रहे युवा का पीछा किया और देखा की थोड़ी देर बाद कैंसर वार्ड के पास के वाथरूम से पानी बाहर आने लगा तो सिक्यूरिटी सर्विसेस के गार्ड ने संदिग्ध से पूछताछ की और पूछा की अस्पताल में क्या कर रहे हो तो उसका जवाब भी बेतुका ही था। जिस पर इस पर संदेह और बढ़ गया इसको पकड़कर जब पुलिस के सामने ले जाया गया तो पता चला की इशान खान पिता बाबूखान निवासी ब्यावरा द्वारा कई दिनों से टोंटियां चुराने का काम किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को पकडकर राजगढ से लेकर ब्यावरा तक छुपाई गई टोंटियों को जप्त करने की कार्रवाई की गई। जिसमें लगभग 50 टोटियां मिलने की अपुष्ट जानकारी है।

#### तुलसीयान सिक्यूरिटी सर्विसेस ने किया सराहनीय कार्य

तुलसीयान सिक्यूरिटी सर्विसेस द्वारा जिला अस्पताल में दी जा रही सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए कंपनी के प्रबंधक सोम कलोरिया ने कहा है कि हमारे सुपरवाइजर एवं सुरक्षा गार्ड के हौसलों एवं चतुराई के कारण यह टोंटी चोर पकडा है आगे भी हम अपने सहयोगियों से इसी तरह कार्य करने की आशा करते है।

#### सिक्यूरिटी प्रबंधक ने 1 माह में चोर पकड़ने का किया था वादा

आरएमओं डां अमित कोली ने बताया कि लगातार चोरी को लेकर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने सिक्यूरिटी एजेंसी प्रबंधक को नोटिस दिया था जिसके जबाब में उन्होने 1 महीने में चोर को पकडने का आश्वासन दिया था।

# मुंडला बारोल में 1.39 करोड़ के हाई स्कूल भवन का लोकार्पण

### मानपिछोड़ी सहित पंचायतों में विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक मोहन शर्मा द्वारा ग्राम मुंडला बारोल में 1 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन हाई स्कूल भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना शासन की प्राथमिकता है, जिससे ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

इसी क्रम में ग्राम मानपिछोड़ी में प्रधानमंत्री सड़क से छापरीखुर्द तक 20 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ ही ग्राम आवली में पंचायत भवन के पास 40 लाख रुपये की पुलिया निर्माण, ग्राम झाड़ला में 20 लाख रुपये की सीसी सड़क, ग्राम सूकल्या में चैक से भील मोहल्ले तक 25 लाख रुपये की सीसी सड़क तथा ग्राम तिन्दोनिया (देवगढ़) में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये की लागत से एक अन्य पुलिया निर्माण कार्य तथा ग्राम माना, बिजौरी और तरेनी धाकड़ में लगभग 2 करोड़ 16 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बेहतर आवागमन सुविधा एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सीईओ की कार्रवाई

# रूपपुरा सचिव सस्पेंड, खिलचीपुर का सब-इंजीनियर राजगढ़ अटैच

**राजगढ़।** ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार को खिलचीपुर जनपद सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा ली गई इस बैठक में विभिन्न लापरवाहियों पर कई तल्ख निर्णय लिए गए। समीक्षा के दौरान रामेश्वर सोलंकी, सचिव ग्राम पंचायत रूपपुरा द्वारा सीएम हेल्पलाइन की 03 शिकायतों के निराकरण में रुचि न लेने, ग्राम पंचायत कार्यालय बंद पाए जाने तथा साफ-सफाई के नाम पर राशि आहरित करने के बावजूद साफ-सफाई न कराए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया।

इसी क्रम में जितेन्द्र सिंह उमठ, उपयंत्री (संविदा) वाटरशेड, जनपद पंचायत खिलचीपुर बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। साथ ही पूर्व में भी जिला पंचायत स्तर की बैठकों में अनुपस्थित रहने के कारण उन्हे आगामी आदेश तक जिला पंचायत वाटरशेड में संबद्ध किए जाने की कार्यवाही की गई। इसी तरह दिनेश गुप्ता, पंचायत समन्वयक अधिकारी, जनपद पंचायत खिलचीपुर की अनेकों लापरवाहियों पर फिलहाल उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

खिलचीपुर क्षेत्र के अन्य कार्यों की भी समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत खिलचीपुर की 47 ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि 47 में से 28 आंगनवाड़ी भवन पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष 19 आंगनवाड़ी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।



### कुरावर में कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**कुरावर।** ब्लॉक कांग्रेस और शहर कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सोमवार को शुरू होने के साथ शाम को 1 महीने के आश्वासन पर समाप्त हो गया। सुबह 11 बजे से नगर परिषद कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर धरने पर बैठ थे जो धरना-प्रदर्शन समाप्त होते ही उठ गए। धरना-प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है। भाजपा पार्षदों के वार्डों में निर्माण और विकास कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्षदों को उपेक्षित किया जा रहा है। उनके वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है, जिससे नगरवासी परेशान होते हैं। कांग्रेसी पार्षदों का कहना है कि हमारे वार्डों में नलजल, नाली, बिजली सड़क सहित साफ सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।


## पसंद की दुकान चुनने की सुविधा

# अब खाद के लिए कतार खत्म, किसान घर बैठे ही बुक कर सकेंगे खाद

**सारंगपुर।** खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 से नई प्रक्रिया लागू कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद लेने के लिए टोकन हेतु लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। किसान घर बैठे मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे और अपनी पसंद की दुकान या संस्था का चयन कर निर्धारित समय पर पहुंचकर खाद खरीद सकेंगे। राज्य में ई-टोकन सिस्टम के जरिए खाद वितरण की प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है।

उक्त जानकारी देते हुए कृषि विस्तार अधिकारी राजेश राजपूत ने बताया कि इस व्यवस्था के लागू होने से खरीफ फसल तक अधिकतम किसानों को इससे जोड़ा जाएगा, जिससे खाद के लिए होने वाली अव्यवस्था और मारामारी की स्थिति समाप्त होने की उम्मीद है। नई प्रणाली में किसान जैसे ही अपना सर्वे नंबर दर्ज करेंगे, उनकी जमीन से जुड़ी पूरी जानकारी स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाएगी। इसमें किसान द्वारा बोई गई फसल और रकबे का विवरण भी शामिल रहेगा। ई-टोकन सिस्टम के लिए कृषि विभाग द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है। इस पोर्टल पर किसान अपना आधार नंबर दर्ज कर पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के बाद खाद उपलब्ध कराने वाली संस्था या दुकान का चयन कर किसान ऑनलाइन ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। टोकन में दिए गए समय पर संबंधित खाद वितरण केंद्र पर पहुंचकर किसान आसानी से खाद खरीद पाएंगे।

# सीबीएसई की परीक्षाएं आज से, जिले में बनाए 10 केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

## दोनों परीक्षाओं में करीब ढाई हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आज से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। कक्षा 10वीं के पहले पर्चे के साथ परीक्षाओं की शुरूआत होगी। वहीं 18 फरवरी से 12वीं की परीक्षाएं आरंभ होंगी। परीक्षाओं के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के लिए तमाम तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं। सीबीएसई के जिला समन्वयक ए. शाहा ने बताया कि जिले में इन परीक्षाओं के लिए कुल 10 केंद्र बनाए गए हैं। जिले में सीबीएसई से संबंधित कुल 25 स्कूल संचालित हैं। कक्षा 10वीं एवं 12वीं को जोड़कर लगभग ढाई हजार विद्यार्थी परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे हैं।

#### जिले में इन 10 केंद्र पर होंगी सीबीएसई की परीक्षाएं

उक्त परीक्षाओं के लिए जिले में जो 10 केंद्र बनाए गए हैं उनमें स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल राजगढ़, मास्टरमाइंड पब्लिक स्कूल, संतोष मित्तल पब्लिक स्कूल, आर.के. कॉन्वेंट स्कूल, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, केंद्रीय विद्यालय राजगढ़, जवाहरलाल नेहरू नवोदय विद्यालय कचनारिया, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, प्रोविडेंस कॉन्वेंट स्कूल एवं फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं।

#### परीक्षार्थी इन बातों का रखें विशेष ध्यान

विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पूर्व पहुँचना अनिवार्य होगा। प्रातः 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा समाप्त होने से पूर्व किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। नियमित विद्यार्थी विद्यालय की निर्धारित वेशभूषा में परीक्षा देंगे जबकि निजी अभ्यर्थियों को हल्के रंग के वस्त्र पहनने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षार्थियों को लेखन संबंधी सामग्री पारदर्शी पाउच/कम्पॉक्स बॉक्स में ही लाना है।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन सुरक्षा कानून लागू करने की मांग




**सारंगपुर।** गत दिवस करैरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में अभिभाषक संघ सारंगपुर ने कड़ा विरोध जताया। संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा गया तथा घटना की निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। अभिभाषक संघ ने बताया कि उक्त घटना से प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश और भय का वातावरण है। अधिवक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक शासन द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, जिससे न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। संघ ने शासन से मांग की कि मृतक अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना के हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। साथ ही मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग भी की गई। ज्ञापन का वाचन अभिभाषक संघ सारंगपुर के अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त सारंगपुर सहायक शिक्षक जाहिदा मोटलानी का हुआ सम्मान



**सारंगपुर।** जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान सारंगपुर सहायक शिक्षक जाहिदा मोटलानी सहित अन्य का सम्मान किया गया। आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में पेंशनरों को साइबर फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए आर्थिक नुकसान से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि आजकल एसएमएस के माध्यम से कई बार साइबर अपराधी फर्जी संदेशों के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। माह जनवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारी में सारंगपुर सहायक शिक्षक जाहिदा मोटलानी एवं सहायक शिक्षक बाबूलाल वर्मा को माला, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी, डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरे, जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे आदि मौजूद थे।

## टाइम लिमिट बैठक में सख्त लहजे में नजर आए जिलाधीश

# लापरवाही पर लोकसेवकों की वेतनवृद्धियां रोकने के दिए निर्देश, किसी को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, ई-ऑफिस सार्थक ऐप, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान सीएमओ ब्यावरा, सीएमओ खिलचीपुर, पीएचई एई एवं जल संसाधन ईई को बॉटम एल-1 में निम्न प्रदर्शन पर सख्त चेतावनी दी। सीईओ जनपद राजगढ़ द्वारा संतुष्टिपूर्ण जवाब दर्ज न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। रेशम विभाग में कई लापरवाहियों पर सभी कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश प्रदान किए। फाइल क्रिएशन में खराब प्रदर्शन पर तहसीलदार सुठालिया को नोटिस जारी कर अधीनस्थ दो लिपिकों की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए।

#### नोटिस के साथ ही रोकी गई वेतनवृद्धियां

ई-ऑफिस में गत 25 दिनों से लॉगिन न करने पर पिंकी साहू सहायक ग्रेड-3 ब्यावरा की एक वेतनवृद्धि रोक दी गई। पशु चिकित्सा विभाग की डॉ. सोनाली को सार्थक अटेंडेंस में निम्न प्रगति पाए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जनहित एवं शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा आगामी बैठक में सभी बिंदुओं की सख्ती से समीक्षा की जाएगी।

# सकारात्मक स्लोगन गतिविधि का किया आयोजन, विद्यार्थियों ने दिए प्रेरणादायक संदेश



**सारंगपुर।** महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण गतिविधियों के अंतर्गत सकारात्मक स्लोगन गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण पर आधारित आकर्षक पोस्टर बनाए गए तथा पोस्टरों के माध्यम से जीवन में सकारात्मकता के महत्व का समाज को संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ ममता खोइया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में सकारात्मक विचारों की महत्ता को रेखांकित किया। वहीं नोडल अधिकारी ने अपने वक्तव्य में बताया कि सकारात्मक सोच तनाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है। इस अवसर पर, तथा ने भी सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए सकारात्मक विचारों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।